पंजाब केसरी 06/06/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज की एन.सी.सी. कैडेट्स ने पर्यावरण दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

अम्बाला, 5 जून (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज की गर्ल्स एन.सी.सी. विंग्स द्वारा बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। भूस्खलन, ग्लोबल वॉर्मिंग और प्रदूषण के कारण पर्यावरण को अत्यधिक नुक्सान पहुंचता है।

उन्होंने कैडेट्स की इस गतिविधि की प्रशंसा की। सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि कैडेट्स द्वारा कालेज परिसर में शाम को पौधारोपण भी किया गया और सभी कैडेट्स अपने पौधे की देखभाल करने के लिए जिम्मेवार होंगे।

इससे पूर्व, एन.सी.सी. कैडेट्स ने प्रथम हरियाणा बटालियन के निरीक्षण में सी.बी.ए. लेक तोपखाना के पास की गई पर्यावरणीय गतिविधियों में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने जागरुकता रैली निकालकर आसपास के लोगों को पर्यावरण को साफ रखने, प्लास्टिक का प्रयोग न करने और अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 25 कैडेट्स उपस्थित रहे। इतनी गर्मी में भी सभी कैडेट्स हर्ष और उल्लास से ओत-प्रोत थे।

पर्यावरण दिवस पर जागरुकता रैली निकालतीं जी.एम.एन. कालेज की एन.सी.सी. कैडेट्स। (देवदत्त)